हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 जून 2025

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 27 डिग्री


10 बोर्ड परीक्षा के टॉप 10 में स्थान लाने पर बच्चों को मिलेगा...





12 रेत के अवैध उत्खनन में संलिप्त दो ट्रैक्टर जब्त




## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की मासिक बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसो. छग प्रदेश शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 जून को दोपहर 1 बजे पेंशनर एसो. भवन धमतरी में होगी। यह जानकारी विरेंद्र नाग अध्यक्ष एवं मोतीलाल हिरवानी सचिव ने दी है।

### बिच्छू के डंक से महिला की मौत

**धमतरी।** खेत में काम कर रही महिला को जहरीले बिच्छू ने डंक मार दिया। इस घटना में महिला की अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के



■ बानगर की घटना

ग्राम बानगर निवासी रेखा साहू पति भूषण उम्र 32 वर्ष खरीफ फसल की तैयारी के चलते गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर अपने खेत में रविवार की सुबह काम करने गई थी। महिला खेत में साफ-सफाई का काम कर रही थी। इसी दौरान उसके पैर के अंगूठे को जहरीले बिच्छू ने डंक मार दिया। बिच्छू के जहर से महिला की हालत बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी आसपास के किसानों को होने पर महिला को ट्रेक्टर की मदद से उसके घर पहुंचाया जहां से परिजन वंदेमातरम एम्बुलेस की मदद से महिला को उपचार के लिए सिविल अस्पताल कुरूद ले गए। वहां से रिफर करने पर महिला को धमतरी के मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मल्टीटायर खेती पर जोर, एक वक्त में एक जमीन पर चार फसल लेने की तकनीक

# नारियल की खेती से बदलेगी किसानों की किस्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए अब नारियल की खेती पर फोकस किया जा रहा है। खास बात यह है कि किसानों को केवल नारियल की खेती नहीं बल्कि मल्टीटायर खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिसमें वे एक ही जमीन पर चार प्रकार की फसल लगा सकते हैं। इस पद्धति से किसानों को प्रति एकड़ 5 लाख का मुनाफा हो सकता है।

जिले में कई प्रकार की खेती होती है, लेकिन नारियल की खेती नहीं होती है, जबकि जिले का वातावरण नारियल की खेती के लिए उपयुक्त है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर छत्तीसगढ़ में सुलभ इस वातावरण का लाभ किसानों को देने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसके तहत अधिक दाम पर मिलने वाले नारियल के पौधों को किसानों को सब्सिडी पर उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रति पौधा 8-10 रुपए में किसानों को दिया जा रहा है। खासकर महानदी बेल्ट के किसानों को प्राथमिकता दी जा रही है। कृषि विभाग के माध्यम से इन किसानों से संपर्क कर उन्हें नारियल के पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कई किसानों ने नारियल के पौधों के लिए आर्डर भी कर दिया है। महानदी कछार के अतिरिक्त जिले के अन्य क्षेत्रों के किसानों से भी सम्पर्क किया जा रहा है।

### ऐसे भी ले सकते हैं लाभ

किसान खेतों में पानी रोकने के लिए बड़ी-बड़ी मेड़ बनाकर रखते हैं। इन मेड़ों में घासफूस, खरपतवार या अनुपयोगी पेड़ रहते हैं। इस अभियान के तहत अब इन मेड़ों में नारियल के पौधे लगाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। नारियल के पेड़ों की उंचाई काफी अधिक होती है। इससे इन पेड़ों की छांव से फसल को नुकसान भी नहीं होगा। इससे किसान अनुपयोगी मेड़ों से अतिरिक्त आय ले सकते हैं।



### उत्पादन पर नहीं पड़ेगा असर

कृषि विभाग के एफएल पटेल ने बताया कि मल्टीटायर खेती यानी बहुमंजलीय खेती किसानों के लिए काफी लाभप्रद है। इसमें एक ही जमीन पर एक समय में कई प्रकार की फसल लगाई जाती है। सबसे उपर नारियल की खेती की जा सकती है। नारियल के पौधों को 25 मीटर के गेप में लगाया जाना चाहिए। इसके बाद दूसरे लेयर में आम की फसल ली जा सकती है। तीसरे लेयर में लीची की फसल लगाई जा सकती है। चौथे और अंतिम लेयर में हल्दी, अदरक जैसी फसलों की खेती की सकती है। सभी फसलों की उंचाई अलग-अलग होती है। इस कारण उनके उत्पादन पर असर नहीं पड़ता है।

### एक एकड़ में 60 पेड़ लगाएं

श्री पटेल ने बताया कि एक नारियल में 80-100 फल आते हैं। एक एकड़ में 60 पेड़ लगाये जा सकते हैं। इस हिसाब से एक एकड़ में 5000-6000 फल आएंगे। गर्मी के मौसम में नारियल पानी की खूब डिमांड होती है। 30-50 रुपए प्रति नारियल बेचा जा सकता है। इससे किसान को करीब 2 लाख रुपए की आय होगी। आम के पौधों से भी करीब 2 लाख, लीची से 1 लाख और हल्दी अदरक से 20-30 हजार रुपए की आय हो सकती है। नारियल के पेड़ 6 साल में फल देने के लिए तैयार होते हैं। आम और लीची तीन साल में तैयार होते हैं। हल्दी, अदरक हर साल उत्पादन देने वाली फसल है।

# एक परिवार सामाजिक बहिष्कार के दंश से हुआ मुक्त

■ महिला आयोग की सुनवाई में निबटे कई मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महिला आयोग के दखल से एक परिवार सामाजिक बहिष्कार के दंश से मुक्त हुआ। पिछली सुनवाई में समाज प्रमुखों और पीड़ित परिवार को बुलाया गया था। इस सुनवाई में अर्जुनी पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलह की जानकारी दी। सामाजिक बहिष्कार भी समाप्त कर दिया गया है। महिला आयोग ने इस प्रकरण को नस्तीबद्ध कर दिया है।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरमणमयी नायक ने सोमवार को जिला पंचायत



सभाकक्ष धमतरी में महिला उत्पीड़न से संबंधित जिले के प्रकरणों पर सुनवाई की। इस अवसर पर छग राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा भी उपस्थित थीं। बताया गया है कि आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर 318 एवं जिला स्तर पर 8 वीं सुनवाई थी। एक प्रकरण में आवेदिका लगभग 6 माह से एक युवक के साथ रह रही है। उनकी 2 संतान है। आवेदिका और युवक के बीच विवाद था, जिसके चलते आवेदिका ने महिला आयोग के सामने गुहार लगाई थी। अब महिला ने युवक से कोई शिकायत नहीं होने की बात स्वीकार कर ली है। संरक्षण अधिकारी को दोनों के बीच राजीनामा करवाने के निर्देश दिए गए। महिला और बच्चे के भरण पोषण के लिए राशि देने का आदेश दिया। एक अन्य प्रकरण में बुजुर्ग दम्पति के बीच विवाद का मामला सामने आया। बुजुर्ग महिला को रायपुर में मायके की ओर से संपत्ति मिली है जिसके चलते बुजुर्ग पति ने भरण पोषण से हाथ खींच लिया था। आयोग ने आदेश दिया है कि मायके से मिली संपति महिला की निजी सम्पत्ति है। महिला आयोग के निर्देश के तहत बुजुर्ग दो लाख रूपये एवं प्रतिमाह चार हजार रूपए भरण-पोषण बुजुर्ग महिला को देगा।

# सड़क पर गिरे ऑयल से वाहन हुए दुर्घटनाग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

टैंकर से ऑयल का रिसाव होने से भखारा मार्ग में ऑयल फैल गया। जिसके कारण वहां से गुजरने वाली वाहनें दुर्घटनाग्रस्त हो गए। घटना में दो से अधिक लोगों को चोट आई है।

■ भखारा रोड की घटना



मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह रायपुर से धमतरी की तरफ आ रहे टैंकर से ऑयल का रिसाव हो रहा था। ग्राम डोमा पार करने के बाद ग्राम कुरमातराई व दरगहन स्थित राइसमिल तक टैंकर से बहुत ज्यादा मात्रा में ऑयल का रिसाव होने लगा जिसके चलते डोमा से कुरमातराई तक लगभग एक किमी सड़क में ऑयल फैल गया। जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन ऑयल में फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने लगे। इसी बीच एक कार क्र. सीजी 19 बीसी 4550 चालक ऑयल से सनी उक्त सड़क से गुजर रही थी। तभी सड़क पर अचानक मवेशी आ गया। मवेशी को बचाने के चक्कर में चालक ने कार का ब्रेक लगाया। कार अनियंत्रित होकर खेत में उतरकर पलट गई। इस घटना में कार चालक को मामूली चोट लगी है। जबकि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इसी तरह वहां से गुजर रहा बाइक चालक भी




▶▶ शेष पेज 10 पर


# ढाबा के पास मृत पड़ा मिला ओडिशा का वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगरी रोड किनारे ढाबा के पास एक वाहन चालक मृत हालत में औंधेमुंह पड़ा मिला। मृतक की पहचान ओडिशा निवासी के रूप में की गई है।

■ नगरी रोड की घटना



मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह नगरी रोड स्थित राजा ढाबा के पास एक व्यक्ति पड़ा हुआ था। उसके शरीर पर शर्ट नहीं थी। वह बरमुडा पहना हुआ था। जमीन में चटाई पर औंधेमुंह पड़ा हुआ था। वहीं पास में उसकी कार क्रमांक सीजी 27 पी 6195 खड़ी थी। सूचना पर अर्जुनी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चेक किया। व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। पुलिस मृतक की शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि यह व्यक्ति रविवार को अपनी कार से सवारी छोड़ने रायपुर गया था। वापस लौटते समय वह राजा ढाबा के पास रूका था। बेचैनी महसूस होने पर थोड़ी देर आसपास टहल रहा था। इस दौरान उसे उल्टी भी हुई। शौच से आने के बाद किसी से चटाई मांगकर सड़क किनारे जमीन पर बिछाकर सो गया जो दोबारा उठ नहीं पाया।

सूचना पर एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई। कुछ देर बाद मृतक की पहचान निर्मल विश्वास उम्र 55 वर्ष रायघरा ओडिशा निवासी के रूप में की गई। पहचान होने के बाद घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान ने शव को जिला अस्पताल लाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। मृतक की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हो पाएगा। लक्षण के आधार पर हार्ट अटैक की आशंका जताई गई है।

# एलएलबी की छात्रा ने किया सुसाइड

■ मसीही अस्पताल में सप्ताह भर चला उपचार, बेहोशी की हालत में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वकालत की पढ़ाई कर रही छात्रा ने कीटनाशक की दवाई का सेवनकर आत्महत्या कर ली।

अस्पताल चौकी पुलिस व परिजनों के अनुसार चारामा ब्लाक के ग्राम भैंसाकट्टा निवासी यामिनी पटेल पिता संतोष पटेल उम्र 22 वर्ष एलएलबी की पढ़ाई कर रही थी। पिता संतोष बढ़ाई का काम करता है। यामिनी अपनी एक बहन व भाई में सबसे बड़ी है। 23 मई की दोपहर पिता संतोष घर में खाना खाकर बढ़ाई काम करने लखनपुरी चला



गया। घर में तीनों भाई बहन थे। इस दौरान यामिनी ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। युवती की हालत बिगड़ती देख मंझली बेटी दुर्गा पटेल अपने पिता को फोन के माध्यम से घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही संतोष तुरंत लखनपुरी से अपने घर भैंसाकट्टा पहुंचा। जहां उसकी बड़ी बेटी यामिनी पसीने से तरबतर थी। उसका हाथ पैर कांप रहा था। गांव के वाहन को किराया कर युवती को उपचार के लिए चारामा अस्पताल पहुंचाया। युवती ने पिता को जहर सेवन कर लेने की जानकारी दी। डाक्टर ने जांच के बाद युवती की गंभीर हालत को देखते हुए तुरंत जिला अस्पताल कांकेर रिफर कर दिया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद युवती को दो घंटे के बाद धमतरी रिफर किया गया।

युवती को गंभीर हालत में धमतरी के मसीही अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल में युवती का लगभग सप्ताह भर उपचार चला। इस दौरान युवती बेहोश थी। शनिवार की रात्रि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। युवती द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# नो एंट्री के बाद भी शहर में बेधड़क दौड़ रहे हाइवा



■ बड़े वाहनों से सैकड़ों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, अब फिर से दुर्घटना को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाईपास रोड बनने के पूर्व भारी वाहनों व हाइवा, ट्रक की वजह से सैकड़ों दुर्घटनाएं शहर के अंदर हो चुकी हैं। दर्जनों की मौत हो गई। कई घायल होकर अस्पतालों में इलाज कराते रहे। अब जबकि शहर के आउटर में बाईपास रोड बन गया है तब भी शहर के अंदर हाइवा जैसे बड़े वाहन तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं। इससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। शहरी नागरिक हेमंत पचौरी, नीरज शर्मा, पंकज सिदार, मनमोहनसिंह आदि ऐसे रहवासी हैं जो मेनरोड में दुकान चलाते हैं। निवास भी मुख्यमार्ग में है। वे बताते हैं कि दिन के उजाले में नो एंट्री के समय भी हाइवा, बड़े वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं। इन वाहनों को देखकर राहगीर ठिठककर रूक जाते हैं। अनबैलेंस होकर ड्राइविंग करने से कोई भी कभी भी चपेट में आ सकता है। खाली जगह में भी हाइवा के कारण दुर्घटना हो रही है।

नागरिकों का कहना है कि नेशलन हाइवे को फोरलेन बनाने के बाद भी सुरक्षित नहीं है। रविवार की रात्रि 9 बजे संबलपुर के पास बाइक सवार बड़े वाहन के चक्के के नीचे आ गए। घायल लोगों को एंबुलेंस के माध्यम से हास्पिटल लाया गया। दुर्घटना के बाद ड्राइवर हाइवा छोड़कर फरार हो गया। बताते हैं कि हाइवा चालक नशे की हालत था। लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए बाइक चालक सवार को रौंद दिया। ऐसी घटनाएं हाइवा के कारण रोज हो रही हैं। लगाम नहीं लगने के कारण हाइवा अब शहर के बीच से होकर तेज गति से गुजर रहा है। शुक्रवार को ए टू जेड महासेल के पास बड़े वाहन की चपेट में आने से एक 80 वर्षीय महिला बुजुर्ग घायल हो गई। रूद्री रोड में ही एक बड़ा वाहन बिजली पोल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गनीमत है कि लोग बाल-बाल बचे। बठेना नहर के पास एक कार बड़े वाहन से बचने के चक्कर में अनबैलेंस होकर पलट गई। इसमें सवार लोगों को गंभीर चोट आई है।

# अवैध शराब परिवहन कर रहे दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कन्हारपुरी मोड़ एनएच 30 के पास स्प्लेंडर मोटरसाइकिल में शराब परिवहन कर रहे दो आरोपियों को कुरूद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 90 पौवा देशी मसाला शराब कीमत 9000 रूपये जब्त की गई है।

थाना कुरूद को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल में शराब रखकर धमतरी से कुरूद की ओर



आ रहे हैं। पुलिस ने कन्हारपुरी मोड़ एनएच 30 के पास पहुंचकर बताये गये स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्र. सी.जी.-05-एक्यू-9929 की घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ा। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम तुषार उर्फ बाबू जादवानी पिता स्व. संतोष जादवानी उम्र 23 वर्ष अटल आवास कुरूद एवं आशुतोष कुमार यादव पिता चैतराम यादव उम्र 26 वर्ष रेलवे स्टेशन कुरुद बताया। मोटरसाइकिल में नीले पीले रंग का थैला रखा हुआ था जिसमें सिग्नेचर लिखा हुआ बोरी के अंदर 90 पौवा देशी मसाला शराब जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# हाइवा हुआ अनबैलेंस, बाल-बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खरेंगा कोलियारी रोड में ग्राम खरेंगा के पास सड़क में मुरूम खाली करते वक्त हाइवा के ड्राइवर साइड का हिस्सा हवा में उठ गया। हवा में लहराते हाइवा को देख लोग आनन-फानन में इधर-उधर भागे। हाइवा के सामने का चक्का पूरी तरह ऊपर उठ गया था। राहगीरों ने तत्काल इसकी फोटो खींची और हरिभूमि को प्रेषित किया। नागरिकों का कहना है कि हाइवा के कारण दुर्घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। खाली



करते समय अक्सर ओव्हरलोड वाहन के सामने का हिस्सा ऊपर उठ जाता है। नीचे उतारते समय तेज आवाज के साथ जमीन पर गिरता है।

आज से गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन धरना, काउंसिलिंग के बहिष्कार की चेतावनी

# अतिशेष सूची में भेदभाव का आरोप, शिक्षकों ने किया कलेक्टोरेट में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को लेकर मचा बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को शिक्षकों ने कलेक्टोरेट में जमकर प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि युक्तियुक्त करण के लिए जो अतिशेष सूची जारी की गई है, उसमें काफी त्रुटि है। शिक्षकों ने आज से गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का अल्टीमेटम दिया है। यही नहीं काउंसिलिंग के बहिष्कार की चेतावनी भी दी है।

सोमवार को शिक्षक साझा मंच



के बैनरतले शिक्षकों ने कलेक्टोरेट में जोरदार प्रदर्शन किया। कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों की जो सूची जारी की गई है, उसमें काफी त्रुटि है। उन्होंने इस सूची को निरस्त कर नियमों का पालन कर नए सिरे से सूची तैयार करने की मांग की है। शिक्षकों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण में 2008 के सेटअप की अवहेलना की गई है जिसके विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन जारी है। 3 जून से वे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। इसके बाद भी उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं तो काउंसिलिंग का बहिष्कार भी करेंगे।

### सूची निरस्त करने की मांग

शिक्षकों ने बताया कि अतिशेष सूची तैयार करने में शासन के निर्देशों को ताक पर रखकर मनमानी की गई है। जिन हायर सेकेंडरी स्कूलों में दर्ज संख्या काफी अधिक है, चार कालखंड में से अधिक कक्षाएं संचालित होती हैं, वहां के शिक्षकों का नाम भी अतिशेष सूची में डाल दिया गया है। कई स्कूलों के वरिष्ठ शिक्षक व व्याख्याता का नाम भी अतिशेष सूची में है। यही नहीं कई ऐतिहासिक महत्व के स्कूलों को युक्तियुक्तकरण के तहत मर्ज किया जा रहा है। उधर जहां पर एक ही विषय के दो से तीन शिक्षक हैं, उनका नाम सूची से गायब है। उन्होंने अतिशेष शिक्षकों की सूची बनाने में भेदभाव का आरोप लगाते हुए सूची निरस्त करने की मांग की है।


हरिभूमि

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने दो अलग अलग जगह छापेमार कार्रवाई करते हुए दो लोगों को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। बांदे पुलिस के अनुसार मछली बाजार बांदे निवासी रोहित देवनाथ के कब्जे से 1 जून को सुबह सवा 11 बजे छापामार कार्रवाई करते हुए 140 एमएल महुआ शराब कीमत 40 रूपए जब्त की गई। वहीं दूसरी कार्रवाई में आरोपी बांदे निवासी तपन कयाल के कब्जे से 100 एमएम महुआ शराब को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 36 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### गरिमा को मिला दूरदर्शन में काव्य पाठ का मौका

**सरोना।** जिले की ग्राम सरोना निवासी गरिमा पोयाम को दूसरी बार दूरदर्शन के लिए साक्षात्कार व कविता पाठ का अवसर दूरदर्शन केंद्र जगदलपुर द्वारा प्राप्त हुआ, जिसका प्रसारण छग दूरदर्शन में 6 जून 2025 को शाम साढ़े 4 बजे और रात्रि साढ़े 8 बजे और 7 जून को सुबह साढ़े 8 बजे और साढ़े 12 बजे किया जाएगा। गरिमा पोयाम शाउमावि दुधावा में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सड़क पर गिरे ऑयल से वाहन हुए...

ऑयल में फिसलकर गिर गया। इस घटना में बाइक चालक को भी चोट लगी है। सूचना पर हाइवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर तैनात हो गई थी, लेकिन वाहनों को दुर्घटना से बचाने व सड़क पर फैले ऑयल पर रेत डालने जैसा कोई भी कदम भखारा पुलिस द्वारा नहीं उठाया गया। दोपहर तक सड़क पर फैला ऑयल अपने आप सूख गया।

कातलबोड़ में आयोजित निःशुल्क शैक्षणिक शिविर के समापन पर साहू समाज ने की घोषणा

# बोर्ड परीक्षा के टॉप 10 में स्थान लाने पर बच्चों को मिलेंगे 51,000 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ माध्यम शिक्षा बोर्ड कक्षा 10वीं, 12वीं में टॉप में 10 में स्थान बनाने वाले बच्चों को साहू समाज अब 25000 की बजाय 51000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान करेगा। उक्त घोषणा परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल क़ातलबोड़ में आयोजित निःशुल्क शैक्षणिक मार्गदर्शन शिविर के समापन अवसर पर सामाजिक पदाधिकारियों ने की ।

गौरतलब है कि शाउमावि कातलबोड़ के शैक्षिक मार्गदर्शन शिविर में लगभग 22 गांव के 260 बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं पर मार्गदर्शन, संगीत क्लास, प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा ,कक्षा 9वीं से 12वीं तक के कठिन विषयों के अध्यापन के साथ-साथ नैतिक शिक्षा एवं करियर गाइडेंस हेतु जिले के शीर्षतम अधिकारियों सहित विभिन्न 75 विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पेन डायरी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर गजानन साहू बाल मनोवैज्ञानिक छग, गणेश प्रसाद साहू , तहसील साहू समाज अध्यक्ष राधेश्याम साहू, लीला राम साहू जिला साहू समाज सचिव, प्रेमचंद साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष, तोरण साहू जिला साहू समाज उपाध्यक्ष, मौरी परिक्षेत्र अध्यक्ष पोषण साहू,जनपद सदस्य कुलेश्वरी साहू, सरपंच मिलन साहू, विकास कुमार साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, तेजन साहू पूर्व सरपंच सहित बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, सामाजिक पदाधिकारीगण, पालकगण एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।



### शैक्षणिक मार्गदर्शन और आर्थिक सहयोग मिलता रहेगा

जिला साहू समाज के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने कहा कि प्रतिभावान बच्चों को प्रतिवर्ष 25000 रुपए जिला साहू समाज द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है किंतु बानगर परिक्षेत्र के समाज एवं शिक्षकों द्वारा किया गया कार्य इतना महत्वपूर्ण है कि यह राशि कम लग रही है। यदि इस इस शिविर में सम्मिलित सर्व समाज के बच्चे कक्षा दसवीं एवं 12वीं के टॉप टेन में स्थान बनाते हैं तो साहू समाज जिला धमतरी की ओर से 51000 रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। आपकी शिक्षा में किसी भी तरह की समस्या आती है, तो आप हमें बताएं। हम आपको हर तरह का आर्थिक एवं शैक्षणिक सहयोग प्रदान करेंगे।

### लगन हो तो शिक्षा में आर्थिक तंगी बाधक नहीं

मुख्य अतिथि डीईओ टीआर जगदल्ले ने कहा कि यदि शिक्षा के प्रति लगन हो तो शिक्षा में आर्थिक तंगी बाधक नहीं है। प्रशासन और समाज सदैव आपके साथ हैं। इसका प्रमाण यह शैक्षिक मार्गदर्शन शिविर है जब सारे बच्चे एवं शिक्षक छुट्टियां बिता रहे हैं और यहां के बच्चे, शिक्षक और समाज शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। समग्र शिक्षा धमतरी के एपीसी नंदकुमार साहू ने बच्चों से कहा कि जो ज्ञान गुरुजी दे सकता है वह मोबाइल से नहीं मिलेगा। इसलिए गुरु और माता-पिता के प्रति सदैव कृतज्ञ भाव रखकर अध्ययन करें। उन्होंने अपनी ओर से 5000 रूपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए जनपद ने किया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

जनपद पंचायत अध्यक्ष विरेन्द्र साहू की अध्यक्षता में जनपद सभाकक्ष में देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में जनपद क्षेत्र अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी, पंचायत सचिव, जनप्रतिनिधि, स्वसहायता समूह को सम्मानित किया गया। भूमिका साहू तकनीकी सहायक को प्रधानमंत्री आवास, डामिन दीवान सचिव ग्राम पंचायत पहंदा को पीएम जनमन डुमन ध्रुव को पीएम जनमन आवास, द्रौपदी अहिरवार ग्राम करेली बड़ी को कचरा संग्रहण, सोनम निषाद को कचरा संग्रहण, रोशनी बंजारे को कचरा संग्रहण, नैनी बाई सक्रिय महिला ग्राम भरदा को समूह गठन, डुमेश्वरी साहू सक्रिय महिला ग्राम गाड़ाडीह को समूह गठन, हेमिन साहू को समूह को लोन, पूर्णिमा साहू उद्योग सखी ग्राम गिरौद, मानकुंवर साहू ग्राम गिरौद सक्रिय महिला ग्राम को समूह गठन, टिकेश्वरी साहू सक्रिय महिला ग्राम गिरौद को समूह गठन के क्षेत्र में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार साहू, सभापति राजेश कुमार साहू, नंदिनी साहू, तिलोत्मा साहू, सरिता कश्यप, डुगेश्वरी साहू, यमुना साहू, हेमलता ध्रुव, मेघा भाजपा मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, राखी साहू अध्यक्ष सरपंच संघ मगरलोड, दिव्या ठाकुर सीईओ, दीपक भीमगज पंचायत निरीक्षक एवं सरपंचगण उपस्थित थे।

# आगे बढ़ने के लिए नामी संस्था में ही पढ़ाई करना मायने नहीं रखता : सेन

- परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी द्वारा आयोजित शैक्षणिक शिविर में पहुंचे जनपद सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शासकीय उमावि सिलौटी में चल रहे ग्रीष्मकालीन शैक्षिक शिविर का समापन 7 जून को होगा। यह शिविर परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया है। इसमें छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं ताकि वे भविष्य में बेहतर करियर बना सकें या स्वावलम्बी बन सके।

शिविर में जनपद पंचायत कुरूद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित सेन ने बच्चों को करियर बनाने के टिप्स दिए। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, पीएससी में सफलता के तरीके, समय प्रबंधन, मोबाइल का सही उपयोग, लक्ष्य तय कर पढ़ाई, समूह में अध्ययन करने को कहा। किसी भी विषय में स्नातक कर पीएससी , व्यापम के माध्यम से अच्छे पदों पर पहुंचने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी के पीछे भागने की जरूरत नहीं है। निजी नामी संस्था से पढ़ाई करना मायने नहीं रखता, मायने रखता है आपकी मेहनत, लगन, जूनून, जोश और जज्बा जिससे आप हर चीज़ पा सकते हैं।





इस अवसर पर गितेश्वरी साहू जनपद अध्यक्ष, गिरधारी साहू शिक्षक, दयालुराम साहू प्राचार्य, शिक्षक गण लोकेश सिन्हा, लोकेश साहू, गोपाल साहू, रवि सेन, मिलेश साहू, छात्रसेन साहू,अशोक साहू, डाविन साहू के साथ साथ बडी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि यह शिविर विगत वर्ष कि तरह संचालित है, जिसमे नवोदय, प्रयास, प्रतिभा खोज, परीक्षाओं पर मार्गदर्शन,8वी से 12 वी तक के कठिन विषयों का अध्यापन, के साथ साथ नैतिक शिक्षा क लिए अलग अलग विशेष बेहतर वक्ता एवं करियर मार्गदर्शन हेतु जिले के अधिकारियो द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहे है।

### अखबार पढ़ें व शासन की योजनाओं की जानकारी रखें

सीईओ श्री सेन ने कहा कि जो जितना संघर्ष करता है, वह उतना ही निखरता है। अनुभव गहरा होता है। लगातार प्रयास करें। बड़ा लक्ष्य बनाएं और खुद की रणनीति से आगे बढ़ें। समय का सही उपयोग जरूरी है। यह न केवल खुद के विकास के लिए, बल्कि समाज और देश की तरक्की के लिए भी अहम है। समय का सम्मान करना ही जीवन का सम्मान है। उन्होंने मोबाइल का सीमित और सही उपयोग करने अखबार पढ़ने और शासन की योजनाओं की भी जानकारी रखने को कहा।

# जिपं सदस्य नीलम हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला दुर्ग द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण एवं नवनिर्वाचित नगरीय निकाय व पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह बीते गुरुवार को महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर श्री चंद्राकर ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। हमें योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना चाहिए ताकि समाज के कमजोर और गरीब तबके के लोग आगे बढ़ा सके। यही हमारा उद्देश्य भी होना चाहिए।



इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तारिणी चंद्राकर समेत सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

### शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने की महानदी की सफाई



**नगरी।** जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मां अभियान के तहत महानदी को संवारने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने महानदी के आसपास साफ- सफाई की। छोटे-छोटे पौधों को काटा गया साथ ही नदी से कचरा भी निकाला गया। शिक्षकों ने रास्ते पर हुए गड्ढों को मिट्टी से भरा। सभी ने उत्साहित होकर महानदी को स्वच्छ करने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर एडीपीओ देवेश सूर्यवंशी, बीआरसी प्रकाश साहू, शाउमावि सिहावा के प्राचार्य एसआर साहू व सिहावा क्लस्टर के शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं खाद्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# 20 गांवों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायकों ने लिया पानी बचाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सांकरा में जनपद पंचायत नगरी के निर्देशानुसार मोर गांव मोर पानी के तहत जनप्रतिनिधियों ने जल संरक्षण के लिए अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। 20 ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक ने अपने गांव में पानी बचाने संकल्प लिया। इस मौके पर जनपद पंचायत नगरी सीईओ रोहित बोरझा, जनपद सदस्य राजेश गोसाई, सरपंच सांकरा नागेन्द्र बोरझा, जनपद पंचायत नगरी के प्रशिक्षक, सचिव सांकरा मदन सेन, कृष्ण कुमार नेताम, रोजगार सहायक रूपेश्वरी पटेल समेत अन्य उपस्थित थे। ज्ञात हो कि मोर गांव मोर पानी क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण 2 से 6 जून तक आयोजित है।



# बहुरसिंह पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज अध्यक्ष स्व. बहुरसिंह पटेल ग्राम सांकरा निवासी की प्रथम पुण्यतिथि 1 जून रविवार को मनाई गई। पंडित उदेभानु दीवान ने पूजा -अर्चना कर शांति पाठ किया। हरि भजन हुआ। इस अवसर पर कोसरिया मरार पटेल समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश संरक्षक अमरसिंह पटेल, पटेल समाज सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, मोतीलाल पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, सलाहकार बृजलाल पटेल, सिहावाराज युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष राजू पटेल, सचिव युवराज पटेल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, बलराम पटेल, नारद पटेल, जयपाल पटेल, लकेश पटेल, कमल पटेल, संतोष पटेल, हिमांशु पटेल, अगनूराम पटेल, हरिचंद पटेल, रामशरण पटेल, प्रेमलाल पटेल, भागवत पटेल, सुबेलाल पटेल, रामसाय पटेल, सांकरा युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष खिलावन पटेल, तोषक पटेल, नरेंद्र पटेल, डिगेश पटेल, नरेंद्र पटेल, पुरूषोत्तम पटेल, रामभरोसा पटेल, जीतू पटेल,ऐकराम पटेल, अशोक पटेल, डीकु यादव, हरक राम साहू, डां.माखन साहू सहित उनके परिजन शांतिदेवी पटेल, शकुन पटेल, प्रीतम पटेल, सखाराम पटेल, जहुर पटेल, बेदन सिंह पटेल शामिल रहे।



# परमार्थ सेवा समिति ने बांधा तालाब के आसपास, गार्डन परिसर की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

परमार्थ सेवा समिति द्वारा बांधा तालाब नगरी, छिपली के पास गार्डन की साफ सफाई की गई। खरपतवार नाशक का छिड़काव किया गया। समिति के सदस्यों ने लोगों से आग्रह किया है कि 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ अपने परिजनों के नाम लगाएं। इस आयोजन में जसपालसिंह खनूजा, देवकांत गजपाल, जनपद उपाध्यक्ष हृदय लाल साहू, मंडल उपाध्यक्ष गुरु प्रसाद साहू, आकाश पंजाबी, टिकेश साहू, रुपेन्द्र साहू, लोचन साहू, राजकुमार शील, ललितप्रसाद शर्मा, संजु निर्मलकर, दिनेश ताम्रकार, कामेश्वर साहू, तोमल साहू, मानसिंह साहू, करमचंद नाग, चमन साहू, केशव पटेल, लकेश्वर यादव का विशेष योगदान रहा।



400 से अधिक युवक-युवतियों ने लिया भाग

# आर्मी भर्ती पर सुखराम नागे कालेज में लगी कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भारतीय सशस्त्र सेना के बेड़े में शामिल होकर देश सेवा के साथ-साथ बेहतर करियर बनाने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से युवक युवतियों के लिए सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय में निशुल्क कार्यशाला लगाई गई। इस दौरान बस्तर फाइटर, भारतीय रिजर्व बटालियन, राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल, आबकारी आरक्षक तथा आरपीएफ, आरपीएसएफ की भर्ती की जानकारी दी गई। आर्मी इंस्पेक्टर हवलदार जीवनराम निषाद ने सशस्त्र सेना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखित परीक्षा तथा प्लस, माइनस परीक्षा क्या होती है, कौन से पुस्तक से तैयारी करें, मेडिकल जांच में क्या प्रोसेस होता है, फिजिकल की तैयारी की जानकारी दी। उन्होंने युवक युवतियों का फीडबैक लिया। इस दौरान युवाओं ने सेना भर्ती की तैयारी के लिए सर्वसुविधायुक्त मैदान की जिला प्रशासन से मांग की। मैदान नहीं होने से तैयारी करने में कठिनाई आती है। कुछ युवाओं ने कहा कि लिखित परीक्षा के लिए हमें कोचिंग सेंटर की भी आवश्यकता है।





ॐ

फीचर इम्पेक्ट

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

## भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है...

**विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...**

### इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर




भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।



## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

**Law**
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

**Pharmacy**
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

**Engineering**
(Full Time / Part Time)
- M.Tech / B.Tech / Diploma
- CSE • Civil • ET&T
- Mechanical • Electrical
- Artificial • Intelligence
- & Machine Learning

**Journalism**
- BAJMC
- MAJMC

**Library Science**
- M.Lib
- B.Lib
- D. Lib

**Hotel Management**
- BHM
- MHM

**Education**
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

**Film Making**
- B.A.
- M.A.

**Physical Education**
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

**Arts/science/commerce**
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA
- MBA
- DCA
- BCA
- PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A (All Subjects)
- B.Com. (Hons)
- M.Com.
- DSW
- BSW
- MSW
- B.Stat
- M.Stat
- BRS
- MRS
- MPH
- B.Sc (Hons) / M.Sc - All Subject
- • Chemistry • Maths • Physics
- • Biotechnology • Botony • Zoology
- • Microbiology • Computer Science
- • IT • Home Science • Multimedia &
- • Design • Animation & Visual Effects

**Diploma Courses (1year)**
- Forensic Science
- Corporate Law
- Yoga Science
- Digital Marketing
- Interior Design
- Nutrition & Dietetics
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph. D. Available in all Subject**

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



### फोरेंसिक साइंस में रोजगार के नए अवसर

**फोरेंसिक साइंस** - आगामी वर्षों में फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश-विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रुप में कार्य करते है। सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। बीएससी फोरेंसिक साइंस प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं गणित / जीवविज्ञान उत्तीर्ण, एमएससी फोरेंसिक साइंस हेतु बीएससी उत्तीर्ण, डिप्लोमा हेतु 12वीं उत्तीर्ण एवं पीजी डिप्लोमा हेतु बीएससी उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

### समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थेरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।

### - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. | ASHOK L by LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS LTD | TATA CONSULTANCY SERVICES | L&T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA LTD. | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED



**☏ 62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07**

www.bhartiuniversity.org  bhartiuniversity.in@gmail.com

SCAN ME

## खबर संक्षेप



### शांति और एकाग्रता के लिए योग जरूरी

**धमतरी।** मकई गार्डन में सुबह 6 से 7 बजे तक विगत तीन वर्षों से निःशुल्क योग क्लास का संचालन हो रहा है। श्रीमती उत्तरा सिंह गौतम योग प्रशिक्षक के रूप में विगत तीन वर्षों से निःशुल्क सेवा दे रही हैं। प्रतिदिन योग की शुरुआत सुबह उगते सूर्य व नई ऊर्जा के साथ होती है। यहां प्रतिदिन विभिन्न योग अभ्यास किए जाते हैं। शांति और एकाग्रता के लिए उद्गीत प्राणायाम (ओम्-उच्चारण) के साथ सूक्ष्म योग क्रियाएं, सूर्य नमस्कार, प्रज्ञा योग, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, शीतली-सीत्कारी प्राणायाम आदि शामिल हैं। नियमित प्राणायाम श्वसन तंत्र को सशक्त बनाने के साथ-साथ मानसिक संतुलन एवं भावनात्मक स्थिरता में भी सहायक होता है। अभ्यास में शांति पाठ और ताली योग भी करवाया जाता है।

### खेल केवल शरीर को ही नहीं, चरित्र को भी गढ़ता है : ठाकुर





**धमतरी।** ग्राम भोयना में पारंपरिक खेल कबड्डी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि हिन्दू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में श्री ठाकुर ने कहा कि खेल केवल शरीर को ही नहीं, चरित्र को भी गढ़ता है। कबड्डी जैसे देसी खेल न केवल हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं, बल्कि युवाओं को नेतृत्व, अनुशासन और सामूहिकता की शिक्षा भी देते हैं। गांवों में अपार प्रतिभा छिपी हुई है, यदि उचित मंच मिले तो ये युवा खिलाड़ी देश का नाम विश्व पटल पर रोशन कर सकते हैं। श्री ठाकुर ने आगे कहा कि इस तरह के आयोजन से युवा वर्ग को नशा, अपराध और अन्य सामाजिक विकृतियों से दूर रखने में मदद मिलती है। खेल ऊर्जा का सकारात्मक प्रयोग है, जो समाज के निर्माण में सहायक बनता है। फ़ाइनल मुकाबले के बाद विजेता और उपविजेता टीम को स्मृति चिन्ह और पुरस्कार प्रदान किया गया। मौके पर प्रांत सेवा प्रमुख मोहन साहू, गोपाल साहू, लक्ष्मीनारायण स्वर्णकार, हरि शाण्डिल्य, अमरदीप महाजन, रविंद्र बंजारे सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

■ भोयना में पारंपरिक खेल कबड्डी का हुआ आयोजन

## लीलाज नदी से बेतहाशा हो रहा रेत का खनन

# रेत के अवैध उत्खनन में संलिप्त दो ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



सांकरा पंचायत के समीप ग्राम मसानडबरा से लगी हुई लीलाज नदी अभ्यारण क्षेत्र में आती है । वहां से दिनभर में कई ट्रैक्टर रेत निकली जाती है मगर कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं होता। तीन दिन पहले अभ्यारण्य के अधिकारी उस क्षेत्र में टाइगर के पद चिन्ह खोजते हुए पहुंचे तो वहां दो ट्रैक्टर अवैध उत्खनन के लिए खड़ा था जिस पर तत्काल कार्रवाई अधिकारियों ने की। सांकरा स्थित वन विभाग के ऑफिस में ट्रैक्टरों को खड़ा किया गया है। ट्रैक्टर मालिकों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास के लिए नदी से रेत निकालने गए थे। अरुण सार्वा द्वारा कमारों के लिए आवास बनाए जा रहे हैं उसके लिए रेत लेने गए हुए थे । अब देखना यह है कि वन विभाग इस पर क्या कार्रवाई करता है या फिर राजनीति की भेंट चढ़ जाएगा। अभी तो खुद अधिकारी ने पकड़ा है । कुछ ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय लोगों के साथ लेनदेन कर यहां से हजारों ट्रैक्टर रेत की बिक्री की जाती है। क्या जब अधिकारी पकड़ेगा तभी होगी कार्रवाई। कुछ दिन पहले भी कुछ ट्रैक्टरों को अवैध उत्खनन करते पकड़ा गया था। विभाग के अमले ने कुछ घंटे में उस ट्रैक्टरों को छोड़ दिया गया। आखिर ऐसा क्यों। जबकि कहा जाता है कि अभ्यारण्य क्षेत्र से एक टुकड़ा लकड़ी भी नहीं उठाकर ले जाया जा सकता है। वहीं अभ्यारण्य क्षेत्र में जुड़े बांध से आप मछली नहीं पकड़ सकते हैं।

गांव के कुछ लोगों ने बताया कि कुछ ट्रैक्टर मालिक प्रधानमंत्री आवास के नाम पर अधिक दाम पर रेत बेच रहे हैं। वहीं इस मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।



# शिक्षा विरोधी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन

■ एनएसयूआई ने कलेक्ट्रेट परिसर में साय सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

एनएसयूआई ने विद्यालय बंद करने, शिक्षक भर्ती में वादा-खिलाफी और शिक्षा विरोधी नीतियों के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि प्रदेश सरकार ने युक्तियुक्तकरण के नाम पर 10,000 से अधिक विद्यालयों को बंद करनो और 35,000 शिक्षकों के पद समाप्त करने का निर्णय लिया है। विस चुनाव के दौरान वादा किए गए 57,000 शिक्षकों की भर्ती में अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं है। आत्मानंद विद्यालयों को बजट नहीं मिलने के कारण संचालन में समस्याएं आ रही हैं। सीजीटीईटी परीक्षा परिणाम में देर हो रही है, जिससे हजारों युवा मानसिक रूप से परेशान हैं। एनएसयूआई ने कहा कि अगर सरकार ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो 1 जून से 18 जून तक शिक्षा बचाओ अभियान नाम से चरणबद्ध आंदोलन पूरे जिले में चलाया जाएगा। इस दौरान पारसमणि साहू, नमन बंजारे, तेजप्रताप साहू, लक्की निर्मलकर, उमेश साहू, सुदीप सिन्हा, शुभम साहू, तेजप्रकाश साहू, देवेंद्र सिन्हा उपस्थित थे।

# निजी विद्यालय संघ के संचालकों ने सीखे मैनेजमेंट के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ दो दिवसीय स्कूल मैनेजमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम में 13 जिले के 90 संचालक हुए शामिल



निजी विद्यालय संघ जिला धमतरी द्वारा दो दिवसीय स्कूल मैनेजमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस फाइल एण्ड मेनेजमेन्ट पर मार्गदर्शन पूर्व सहायक जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण राव मगर, संगठन एवं प्रतिनिधित्व पर बनी राज्य स्तरीय ट्रेनर, व्हीपी चंद्रा द्वारा एकाउंट टैक्स, ट्रस्ट तथा सोसायटी पर सीए अजय सोमानी, ईपीएफ, लेबर लॉ ,सॉफ्टवेयर पर भावेश टंक, शिक्षक- पालक एवं परिवहन प्रबंधकीय पर शैलेश बाजपेयी प्रबंधक डीपीएस, सीसीटीवी मेन्टेनेन्स और डाटा विश्लेषण पर भूपेन्द्र सिंग गौर, विद्यालय प्रबंधन व चुनौती या अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी ने व्याख्यान दिया। द्वितीय दिवस पर स्कूल कार्यालय को व्यवस्थित कैसे करें, शाला शुल्क एवं प्रबंधन पर गुरुबक्श सिंग छाबड़ा चेयरमेन डीपीएम भिलाई, सोशल मीडिया प्रेजेन्टेशन एवं मार्केटिंग की सम्भावना पर गुरुदीप सिंग छाबड़ा, आडिट फर्म एण्ड सोसायटी रजिस्ट्रेशन पर हेमन्त विश्वासाथ बापट लेखापाल नवागांव बेमेतरा, शिष्टाचार एक सकारात्मक एवं उत्पादक कार्य वातावरण के बढ़ावा देने के लिए गगन बरडिया डायरेक्टर नेक्स्ट स्टेप ग्लोबल एजुकेशन तथा विद्यालय की सम्बद्धता एवं नवीनीकरण पर वी. ब्रम्हदत्त त्रिपाठी संचालक कस्तूरबा कन्या स्कूल विनोबा नगर मुंगेली ने व्याख्यान दिया। इस आयोजन में 13 जिले से लगभग 90 संचालक शामिल हुए। कार्यक्रम का निर्देशन तरुण भांडे अध्यक्ष निजी विद्यालय संघ ने किया। मौके पर डीपीएस स्कूल के संचालक धीरज अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, टीआर सिन्हा, सुबोध राठी, गजेंद्र पटेल सचिव, कोषाध्यक्ष बसंत गजेंद्र, पवन साहू, महेन्द्र यादव, सुमन साहू, दिनेशपुरी गोस्वामी, हिमांशु पाण्डेय, भूपेश चौधरी, कमलेश राठौर, गोपाल साहू, पीडी मानिकपुरी, चूड़ामणि साहू, श्रीमती नीलू चंद्राकर समेत अन्य स्कूल के संचालक मौजूद रहे।

# छग राज्य ग्रामीण बैंक रिटायरीज एसो. की धमतरी इकाई का गठन

**सुभाष गुप्ता अध्यक्ष, अवधराम साहू सचिव बनाए गए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



सुभाष गुप्ता

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक हुई जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक रिटायरीज एसोसिएशन की धमतरी इकाई का गठन किया गया। सुभाष गुप्ता अध्यक्ष, अवध राम साहू सचिव, सनत कोसरिया कोषाध्यक्ष, रमेश कुमार साहू उपाध्यक्ष और नारायण राम नेताम उपसचिव चुने गए । कार्यकारिणी सदस्यों में कार्तिकराम रामटेके और नितिन राठौड़ शामिल हैं। केएल सोनी को प्रचार मंत्री बनाया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष पीके राघव, कोषाध्यक्ष आरएस ठाकुर , सुनील गुप्ता, उत्तम धर और संरक्षक एसपी दास की उपस्थिति में हुआ।

पीके राघव ने संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार नेशनल फेडरेशन रीजनल रूरलबैंक रिटायरीज एसोसिएशन ने पेंशन और कंप्यूटर इंक्रीमेंट से संबंधित मामलों में अदालती लड़ाई लड़ी और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पक्ष में महत्वपूर्ण जीत हासिल की। एसपी दास ने संगठन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष आरएस ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्र प्रबंधक हरविंदर सिंह से भेंटकर कई मुद्दों पर चर्चा की। क्षेत्र प्रबंधक हरविंदर सिंह ने बताया कि इस वर्ष सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का बकाया देने के बाद भी बैंक को 152 करोड़ का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ है। सनातन रामनाथ ने आशा व्यक्त की कि बैंक उत्तरोत्तर प्रगति करता रहेगा और क्षेत्र के किसानों व जनता की सेवा में लगा रहेगा।

### स्कूलों के मर्ज होने पर रसोईया, सहायिकाएं सफाईकर्मी बेरोजगार हो जायेंगे : सीटू

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन सीटू ने जिलाधीश कार्यालय में शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन दिया। यूनियन के राज्य अध्यक्ष कामरेड समीर कुरैशी ने बताया कि भाजपा सरकार अपने वादों को पूरा नहीं कर रही है। शिक्षा विभाग ट्रांसफर उद्योग चलाकर वसूली अभियान में उतर आया है। राज्य में जब भी भाजपा शासन में आई है , पहला हमला शिक्षा पर हुआ है। धमतरी जिले में 370 स्कूलों के मर्ज होने पर 600 रसोईया सहायिकाएं तथा सफाईकर्मी बेरोजगार हो जायेंगे। महासचिव ललिता साहू, सचिव बालाराम मरकाम ने कहा है कि युक्युक्तिकरण के निर्णय से 90 प्रतिशत दलित, आदिवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग, विधवा एवं तलाकशुदा महिलाएं रोजगार से वंचित हो जायेंगी। उपाध्यक्ष अहिल्या ध्रुव एवं सीता साहू, अमरीका नगारची, नेमिन निषाद ने कहा कि साय सरकार मजदूर एवं गरीब विरोधी निर्णय ले रही है। समीर कुरैशी ने कहा है कि सरकार इन निर्णयों को वापस लें अन्यथा यूनियन अनिश्चितकालीन हड़ताल करेगी।

# सिहावा चौक के पास पाइप लाइन तीन बार फटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ गड्ढा खोदने से राहगीरों को हो रही परेशानी



सिहावा चौक के पास निगम द्वारा बिछाई गई पाइपलाइन प्रेशर के कारण तीन बार फट गई है जिसे रिपेयरिंग करने तीन बार गड्ढा खोदा गया। गड्ढा खोदने से राहगीरों को परेशानी होती है। वही पाइपलाइन फटने के बाद पानी सड़क पर बहने लगता है जिससे रोड में चलना मुश्किल हो गया है। वाहनों के आवागमन के कारण रोड में कीचड़ हो जाता है। नागरिकों ने इसे अच्छे से दुरुस्त करने की मांग नगर निगम प्रशासन से की है। वार्ड पार्षद रामेश्वर वर्मा छोटू का कहना है कि उनके द्वारा निगम को कई बार आवेदन दिया गया है। महापौर, कमिश्नर एवं अन्य अधिकारी से पाइपलाइन को दुरुस्त करने की मांग की गई है। उन्होंने नागरिकों के हित के लिए पाइपलाइन को अच्छे से दुरुस्त करने की मांग निगम प्रशासन से की है। पार्षद ने आगे कहा कि रेत की जरूरत पड़ रही है जिसके लिए वह अपने खर्च से रेत मंगवा रहा है एवं दुरुस्त करने जो भी सामग्री की जरूरत पड़ रही है उसे मुहैया करवा रहे हैं। पार्षद का कहना है कि मार्ग में गड्ढा हो जाने से कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। पार्षद एवं आसपास के नागरिकों का कहना है कि पाइप लाइन उथली जगह में लगाई गई है। वाहनों के चलने से काफी प्रेशर पड़ता है। कई बार पानी का प्रेशर अधिक हो जाने से पाइपलाइन फट जाती है। लोगों ने मांग करते हुए कहा कि पाइपलाइन को गहराई तक लगाया जाए ताकि प्रेशर से फटने न पाए।

## संक्षिप्त खबरें

### मनुष्य का जीवन भजन के बिना सूना है : संत लोकेश



**धमतरी।** चालीहा महोत्सव के अंतिम दिन सुबह 9.30 बजे श्रीमद् भगवद्गीता एवं श्री प्रेम प्रकाश ग्रन्थ साहब के पाठों का भोग पारायण किया गया। वर्सी महोत्सव का विधिवत समापन हुआ। सत्संग के दौरान प्रेम प्रकाश आश्रम के संत लोकेश कुमार ने बताया कि जैसे नदी नीर बिना सूनी है। आंगन अतिथि बिना सूना होता है। उसी तरह मनुष्य का जीवन भजन के बिना सूना होता है। जीवन में सच्चा आनन्द भजन से ही आता है जो परमानंद का द्योतक होता है। उन्होंने आगे कहा कि हमें जन्म माता-पिता ने दिया है लेकिन सांस ईश्वर ने प्रदान की है। भजन कराने वाले, भजन सिखाने वाले गुरुजन ही होते हैं। माता-पिता, गुरु एवं ईश्वर का अहसान हम पर है। इनको सदैव प्रणाम कर इनके प्रति कृतज्ञ रहना हमारा फर्ज है क्योंकि इनकी कृपा से ही हमारा जीवन धन्य हो पाता है।

### धमतरी के विकास को मिलेगी नई दिशा



**धमतरी।** धमतरी जिले को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 213 करोड़ रुपये की सौगात मिलने पर युवाओं में हर्ष की लहर है। इस सौगात में हाईटेक बस स्टैंड, सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम, सिहावा चौक से कोलियारी तक फोरलेन सड़क निर्माण, रत्नाबांधा से मुजगहन तक फोरलेन सड़क और धमतरी से नगरी मुख्य मार्ग के नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण जैसी कई बहुप्रतीक्षित विकास योजनाएं शामिल हैं। कोमल संभाकर ने बताया कि ये सारी मांगें उन्होंने और उनके नेतृत्व में युवाओं की टीम ने कई वर्षों से उठाई थी। इसके लिए शांतिपूर्ण आंदोलन, ज्ञापन सौंपा था। हमने धमतरी के बेहतर भविष्य के लिए आवाज उठाई थी। युवाओं की मांगें आज पूरी हो रही हैं। कोमल ने आगे कहा कि आने वाले समय में वे और उनकी टीम जिले के अन्य बुनियादी मुद्दों को लेकर भी सकारात्मक कार्य करते रहेंगे। इन सभी परियोजनाओं के पूरा होने से न केवल शहर की तस्वीर बदलेगी, बल्कि युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और महापौर रामू रोहरा का आभार व्यक्त किया। इस दौरान संजू यादव, ननकू महाराज, धनेश नवरंग, राहुल पण्डित, प्रेम राव, पीयूष गजेंद्र, भोलू सम्भाकर, अवि रामटेके, अविनाश जांगड़े, रवि संभाकर, देव कुर्रे, महेंद्र नागवंशी, चिंटू बघेल मौजूद रहे।

■ जिले को 213 करोड़ की सौगात मिलने पर युवाओं में हर्ष

### छग ढाबा के पास अवैध शराब बेचते आरोपी गिरफ्तार



**कुरुद।** कुरूद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छत्तीसगढ़ ढाबा के पास मोटर साइकिल में शराब रखकर बेच रहे आरोपी को पकड़ा। उसके कब्जे से अवैध शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए रिमांड पर भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ ढाबा के पास हीरो मोटरसाइकिल क्रमांक ओडी- 23- एन-4368 में बैठकर शराब की बिक्री कर रहा था। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम बलजीत सिंह पिता स्व. हरचरण सिंह उम्र 22 वर्ष काली नगर मकान नं.145 ओरियेंट एरिया, प्रणराज नगर झारसुगुड़ा, उड़ीसा, हाल पता मेघा थाना मगरलोड जिला धमतरी (छग) बताया। मोटरसाइकिल के उपर नीले रंग के पिट्ठू बैग के अंदर 37 पौवा देशी मसाला शराब प्रत्येक में 180-180 एम.एल भरी हुई कीमत 3700 रूपये, बिक्री रकम 500 रूपये एवं हीरो मोटर साइकिल कीमत 40,00 रूपये, एक नग एप्पल मोबाइल 25,000 रू. कुल 69,200 रूपये को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी बलजीत सिंह को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### चार संविदा पदों पर होगी भर्ती

**धमतरी।** जिला स्तरीय मिशन वात्सल्य महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत चाईल्ड हेल्पलाइन शाखा के लिए 4 संविदा पदों की पूर्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इनमें परियोजना समन्वयक, काउंसलर, सुपरवाईजर और केस वर्कर शामिल है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आवेदनों की जांच के बाद पात्र-अपात्र की संशोधित अनंतिम सूची तैयार की गई है, जिसे जिले की वेबसाइट पर अवलोकन के लिए अपलोड किया गया है। इस सूची पर यदि किसी को आपत्ति हो तो वह 6 जून तक दावा-आपत्ति रजिस्टर डाक अथवा कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

## प्रांतीय गोंडवाना गोंड महासभा में कई प्रस्ताव पर बनी सहमति

# जातीय जनगणना में आदिवासी धर्म लिखने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड महासभा की प्रांत स्तरीय बैठक वृन्दावन हाल रायपुर में अकबरराम कोर्राम प्रांताध्यक्ष की अधयक्षता, रामचंद्र नेताम राष्ट्रीय अध्यक्ष के विशेष आतिथ्य में हुई। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है। जातीय जनगणना -2025 के प्रारूप में धर्म कोड के कालम में आदिवासी धर्म लिखने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सामाजिक स्तर पर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। गोंड समाज के धर्मान्तरण पर चर्चा हुई। सदस्यों ने कहा कि यह मुद्दा संवेदनशील एवं चिंतनीय है। हमें धर्मान्तरित हुए सदस्यों के कारणों को समझना होगा। हमें उसके कारणों का समाधान कर हल निकालने होंगे। समाज में धर्मान्तरण को रोकने सामाजिक बैठकों में चिंतन करने, जनजागरुकता लाने की बात कही। वक्ताओं ने आगामी परिसीमन -2025 पर कहा कि किसी भी क्षेत्र का राजनैतिक परिसीमन वहां के जनसंख्या अनुपात एवं भौगोलिक क्षेत्र की स्थिति - परिस्थिति को ध्यान में रखकर किया जाता है। अनुसूचित क्षेत्र में आदिवासी समाज का सही आंकड़ा परिसीमन आयोग के पास नहीं पहुंचता है जिसके कारण राजनैतिक परिसीमन में आरक्षित सीटों का नुकसान हो रहा है। इसलिए आदिवासी संवर्ग का सही डाटा बनाने व प्रदेश स्तर पर गोंड समाज की सामाजिक जनगणना कराई जाए। छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड महासभा के त्रिवर्षीय कार्यकाल अप्रैल 2025 को पूर्ण हो गया। इसकी जानकारी सदन में दी गई। महासभा के द्वारा किए गए कार्यों, उपलब्धि एवं गतिविधियों का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। महासभा के नये कार्यकाल हेतु पुरानी समिति को तीन वर्ष के लिए यथावत रखने का निर्णय लिया गया। छग गोंडवाना गोंड महासभा की एक सामाजिक नियमावली बनाने पर चर्चा हुई। 11 जून को अनुसूचित जाति, जनजाति संवर्ग के प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन में कुछ शर्तों के साथ समर्थन देने की बात हुई। बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष जीवराखन मरई एवं जिलाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर के नेतृत्व में उदय नेताम, जयपाल ठाकुर, ढालूराम ध्रुव, गेवाराम नेताम, कृष्ण नेताम, संतोष ध्रुव, सुभाष कतलाम, कमलनारायण ध्रुव, कृष्णकुमार मरकाम, कलाराम गंगेश, नरसिंह मंडावी, ठाकुर राम नेताम, कुलेश्वर ध्रुव, नारायण सिंह ध्रुव, चुन्नीलाल ध्रुव, घनश्याम नेताम, सेवक राम ध्रुव, मदन ध्रुव, नरेश छेदैया, सुरेन्द्र सोरी, महेन्द्र नेताम, टीकम गंगेश, हुलास सूर्याकर, पूरन नेताम, गोविंद मरकाम शामिल हुए।







